Title: Need to extend either Bhopal-Kota or Jaipur-Kota Train up to Ratlam, Madhya Pradesh.

डॉ. लक्ष्मीनारायण पाण्डेय (मन्दसौर) : महोदय, पश्चिम रेलवे के रतलाम-कोटा के बीच रेलवे से यात्रा करने वालों को तथा माल आदि भेजने के लिए वर्तमान में जो सुविधाएं उपलब्ध हैं, वे अपर्याप्त हैं। पिछले लंबे अर्से से रतलाम-कोटा अथवा कोटा-रतलाम के मध्य एक अतिरिक्त पैसेन्जर यात्री गाड़ी चलाए जाने की मांग रेल उपभोक्ताओं, व्यापारियों, विद्यार्थियों तथा नागरिकों द्वारा की जाती रही है। वर्तमान में भोपाल-कोटा के मध्य तथा जयपुर-कोटा के मध्य जो यात्री गाड़ियां चलती हैं, वे कोटा आकर 15 से 16 घंटे तक खड़ी रहती हैं जिस कारण उनका समुचित उपयोग नहीं हो पा रहा है। इन दोनों गाड़ियों में से किसी एक को कोटा से रतलाम तक बढ़ाया जाए क्योंकि इनको बढ़ाया जाना सहज संभव है। इससे छोटे-छोटे स्टेशनों के आम यात्रियों को भारी सुविधा होगी। रेल प्रशासन द्वारा इस बारे में जांच की गई तथा इसको उपयुक्त और आवश्यक माना गया है।

अतः मेरा रेल मंत्री जी से अनुरोध है कि उपर्युक्त दोनों गाड़ियों में से किसी एक गाड़ी को कोटा से रतलाम तक बढ़ाए जाने हेतु योग्य निर्देश प्रदान करने का कट करें।